| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br><br>**रेफरेन्स / एल.आर. /2066/2005/जयपुर**<br>**राजस्थान सरकार बनाम रामजीदास जरिये कायम मुकाम वगैरह** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 04–03–2026 | **एकलपीठ**<br>**श्री मदनलाल नेहरा, सदस्य**<br><br>**उपस्थित :**<br>श्री शिव प्रकाश चौधरी, राजकीय अभिभाषक।<br>अप्रार्थीगण बावजूद सूचना उपस्थित नहीं<br>——<br><br>**आदेश**<br><br>1. राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 82 के अन्तर्गत यह रेफरेन्स अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम), जयपुर ने अपने निर्णय व अभिशंषा दिनांक 13–01–2005 द्वारा राजस्व मण्डल को प्रेषित किया गया है।<br><br>2. रेफरेन्स प्रकरण के सुसंगत तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि तहसीलदार बस्सी ने एक रेफरेंस प्रार्थना पत्र अतिरिक्त जिला कलेक्टर(प्रथम), जयपुर को प्रस्तुत करते हुये निवेदन किया कि एकीकरण खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2018 ग्राम गुढामीना तहसील बस्सी स्थित आराजी खसरा नं. 40 रकबा 16 बिस्वा, खसरा नं. 54 रकबा 13 बिस्वा कुल किता 2 रकबा 1 बीघा 9 बिस्वा माफी मंदिर श्री सीतारामजी वाके गुढ़ामीना तहसील बस्सी बएतमाम पुजारी रामजीदास, माधोदास पि0 रूगनाथदास, बंशी, नृसिंह पि0 श्री रामदास कौम स्वामी सा. देह की खातेदारी में दर्ज थी तथा कृषक के कॉलम में खुदकाश्त दर्ज था। कालान्तर में जमाबन्दी संवत् 2021–24 बनाते समय माफी मंदिर श्री सीतारामजी का नाम विलोपित कर दिया गया और उक्त आराजी की खातेदारी बिना किसी वैध आदेश के कृषक रामजीदास, माधोदास पि. रूगनाथदास, बंशी, नृसिंह पि. श्रीरामदास कौम स्वामी के नाम दर्ज कर दी गई। मन्दिर माफी की भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम खातेदारी में दर्ज किया जाना अवैध है। उक्त प्रविष्टियों को विलोपित कर वादग्रस्त भूमि को वापिस माफी मंदिर के नाम दर्ज करने हेतु तहसीलदार द्वारा रेफेरेंस प्रकरण अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) जयपुर को प्रस्तुत किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) जयपुर ने अपने निर्णय दिनांक 13–01–2005 द्वारा रेफेरेंस प्रार्थनापत्र को स्वीकार कर वादग्रस्त भूमि को माफी मंदिर के नाम खातेदारी में दर्ज करने हेतु यह रेफरेंस राजस्व मंडल में प्रेषित किया है।<br><br>3. विद्वान राजकीय अभिभाषक का अभिकथन है कि विवादित भूमि माफी मंदिर के नाम से राजस्व अभिलेखों में | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br><br>**रेफरेन्स / एल.आर. /2066/2005/जयपुर**<br>**राजस्थान सरकार बनाम रामजीदास जरिये कायम मुकाम वगैरह** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | दर्ज थी। चूंकि मन्दिर शाश्वत नाबालिग है, और माफी मन्दिर विराजमान शाश्वत नाबालिग की खातेदारी भूमि होने के कारण उसका अन्तरण किसी भी व्यक्ति को नहीं किया जा सकता और ना ही उक्त भूमि में किसी व्यक्ति को खातेदारी अधिकार प्रदान किये जा सकते हैं। बिना किसी सक्षम आदेश के विवादित भूमि मंदिर के स्थान पर विधि विरूद्ध अप्रार्थीगण के नाम दर्ज कर दी गई है, जो राजस्थान काश्तकारी अधिनियम व राजस्थान भू राजस्व अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः जमाबन्दी में अप्रार्थीगण के नाम अंकित प्रविष्टियां निरस्त किये जाने योग्य है एवं विवादित आराजी की खातेदारी पुनः माफी मन्दिर के नाम पर दर्ज किया जाना न्यायोचित है।<br><br>4. अप्रार्थीगण बावजूद सूचना उपस्थित नहीं। एकतरफा कार्यवाहीं अमल में लाई गई। राजकीय अभिभाषक की एकतरफा बहस पर मनन किया गया और पत्रावली का आद्योपांत अवलोकन व अध्ययन किया गया।<br><br>5. प्रस्तुत राजस्व रिकोर्ड के अनुसार एकीकरण खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2018 ग्राम गुढामीना तहसील बस्सी की आराजी खसरा नं. 40 रकबा 16 बिस्वा व खसरा नं. 54 रकबा 13 बिस्वा कुल किता 2 रकबा 1 बीघा 9 बिस्वा माफी मंदिर श्री सीतारामजी वाके गुढ़ामीना तहसील बस्सी बएतमाम पुजारी रामजीदास, माधोदास पि0 रूगनाथदास, बंशी, नृसिंह पि0 श्री रामदास कौम स्वामी सा. देह की खातेदारी में दर्ज थी तथा कृषक के कॉलम में खुदकाश्त दर्ज था। कालान्तर में जमाबन्दी संवत् 2021—24 बनाते समय माफी मंदिर श्री सीतारामजी का नाम विलोपित कर दिया गया और खातेदारी माफी मंदिर के बजाय पुजारीगण के नाम दर्ज कर दी गई। माफी मंदिर की भूमि का नियमों के विपरीत अंतकण हुआ है।<br><br>6. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 16 एवं 46 के अन्तर्गत मन्दिर मूर्ति की भूमियां सार्वजनिक प्रयोजनार्थ धारित की जाती है एवं मन्दिर मूर्ति विधिक व्यक्ति होता है जिसे सम्पत्ति धारण करने का अधिकार होता है एवं उसकी कृषि भूमि में कोई निजी व्यक्ति खातेदारी अधिकार प्राप्त नहीं कर सकता है। राजस्व विधि में मन्दिर मूर्ति को शाश्वत अवयस्क माना जाकर उसके स्वत्व व खातेदारी अधिकार की भूमि का किसी भी प्रयोजनार्थ हस्तान्तरण वर्जित है। इस प्रकार मन्दिर मूर्ति की भूमि का अप्रार्थीगण के नाम अन्तरण, नामांकन तथा राजस्व अभिलेख में अंकन पूर्णतया विधि विरूद्ध होने से अवैध एवं प्रभाव शून्य है। मन्दिर एक | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br><br>**रेफरेन्स / एल.आर. /2066/2005/जयपुर**<br>**राजस्थान सरकार बनाम रामजीदास जरिये कायम मुकाम वगैरह** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | शाश्वत नाबालिग है और juristic person है। मन्दिर की भूमि चाहे किसी भी व्यक्ति द्वारा काश्त क्यों न की जा रही हो, चाहे सबायत, पुजारी, एजेंट या मजदूर को मजदूरी देकर काश्त करायी गयी हो, वह मन्दिर की खुदकाश्त मानी जावेगी व उसके खातेदारी अधिकार मन्दिर के अलावा किसी भी व्यक्ति में निहित नहीं होंगे। अतः विवादित आराजी वर्तमान अप्रार्थीगण के नाम विधिक प्रावधानों के विपरीत दर्ज होने से निरस्तनीय है तथा रेफरेंस स्वीकार किये जाने योग्य है।<br><br>7. निष्कर्षतः हस्तगत् रेफरेन्स प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर संबंधित नामांतकरण निरस्त किये जाकर विवादित आराजी ग्राम गुढामीना तहसील बस्सी के खसरा नम्बर 40 रकबा 16 बिस्वा व खसरा नम्बर 54 रकबा 13 बिस्वा कुल किता 2 रकबा 1 बीघा 9 बिस्वा भूमि को पुनः ''माफी मंदिर श्री सीतारामजी वाके गुढ़ामीना'' के नाम बतौर खातेदार दर्ज करने एवं सुसंगत समस्त राजस्व अभिलेखों से अप्रार्थीगण के नाम विलोपित करने के आदेश दिये जाते हैं।<br><br>निर्णय सुनाया गया।<br><br>**(मदनलाल नेहरा)**<br>**सदस्य** | |

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br><br>**<u>रेफरेन्स / एल.आर. /2066/2005/जयपुर</u>**<br>**राजस्थान सरकार बनाम रामजीदास जरिये कायम मुकाम वगैरह** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | | |